तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 15 जुलाई 2024

14 बसना व पिथौरा में पीएमश्री स्कूल मॉडल के ...

14 शिक्षक एलबी संवर्ग को नियुक्ति तिथि से पूर्ण पेंशन...




## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार लहराने वाला युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने धारदार हथियार लहराने वाले युवक पर कार्रवाई की। मुखबिर से सूचना मिली थी कि बागबाहरा रोड सितली नाला के पास पुल के उपर एक युवक धारदार चाकू को लहरा रहा है और रास्ते में आने जाने नागरिकों को डरा धमका रहा है। इस सूचना पर थाना सिटी कोतवाली टीम पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। उसने अपना नाम गौरव प्रधान पिता स्व. प्यारे लाल प्रधान (19 साल) निवासी वार्ड नं. 30 नया रावणभाठा महासमुंद होना बताया। आरोपी के कब्जे से धारदार चाकू जब्त कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत थाना सिटी कोतवाली में कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### गौठान से सौर ऊर्जा पंप स्टार्टर की चोरी

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम कंचनपुर के गौठान से सौर ऊर्जा पंप स्टार्टर चोरी की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। ग्राम कंचनपुर निवासी राजेश साव ने पुलिस को बताया कि उनके गांव कंचनपुर के शासकीय गोठान में लगे सौर ऊर्जा पंप के स्टार्टर इका कंपनी का 5 एचपी पुराना उपयोगी को 30 जून 2024 को कोई अज्ञात चोरी कर ले गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ भादवि की धारा 379 के तहत अपराध कायम किया है।

### शासकीय कर्मचारी पर छेड़छाड़ का आरोप

**महासमुंद।** शासकीय महिला कर्मचारी ने शासकीय कर्मचारी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत पर सांकरा पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। महिला सीएचओ ने सांकरा पुलिस को छेड़छाड़ की शिकायत की है। कर्मचारी समेत प्रभारी खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी के पद पर कार्यरत विपिन प्रधान पर सांकरा पुलिस ने धारा 74 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। बताया गया है कि आरोपी कर्मचारी पिथौरा का रहने वाला है। सांकरा पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार 13 तारीख करीब 2 बजे की है। पीड़िता ने उक्त आरोपी को जबरन हाथ बांह पकड़ने और छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पुलिस मामले अपराध दर्ज कर जांच विवेचना में लिया गया है।

### सट्टा खिला रहे आरोपी पर कार्रवाई, नकद जब्त

**महासमुंद।** सट्टा खिला रहे एक युवक पर पुलिस ने कार्रवाई की और आरोपी के पास से 12,390 रुपए जब्त करते हुए छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 7 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि महासमुंद क्षेत्र में सट्टा-पट्टी संचालित किया जा रहा है। पुलिस की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी वंश शर्मा पिता अनिल शर्मा (19 साल) निवासी शीतला पारा महासमुंद के कब्जे से 12,390 रुपए नगद सट्टा की रकम, 1 नग मोबाइल एवं मोबाइल में 5010 रुपए के सट्टे के हिसाब को जब्त किया गया।

# नए केबल वायर से 15 लाख यूनिट के लाइन लॉस से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के 521 ग्राम पंचायतों के 1121 गांव के लोगों को अगले डेढ़ साल बाद लो-वोल्टेज की समस्या राहत मिल जाएगी। वहीं विद्युत विभाग को भी सालाना होने वाले 15 लाख यूनिट लाइन लॉस से भी मुक्ति मिल जाएगी। बता दें कि जिले में हुकिंग कर बिजली चोरी नहीं की जा सकेगी। 2026 के शुरुआती माह तक जिले में केबल वायर का काम पूरा हो जाने की संभावना है।

आरडीएसएस योजना के तहत जिले में 800 किमी लंबा 11 केवी का केबल वायर खींचा जाएगा, यह काम जारी है। अभी 250 किमी लंबी केबल वायर खींची जा चुकी है। छह माह पहले ही यह काम शुरू हुआ है। जबकि इस प्रोजेक्ट की शुरुआत साल भर पहले हो चुकी थी, लेकिन तकनीकी खामियों एवं अन्य विभागीय प्रक्रियाओं के कारण टेंडर निरस्त होता रहा। इसकी वजह से काम में देरी हो गई। आरडीएसएस योजना के तहत जिले में दो चरणों में काम होगा। पहले चरण का काम शुरू हो चुका है। दूसरे चरण के लिए प्रस्ताव गया है, लेकिन उसकी वित्तीय स्वीकृति नहीं हो सकी है। दूसरे चरण में करीब 170 करोड़ रुपए की लागत से ट्रांसफॉर्मर की क्षमता को बढ़ाया जाएगा। सरायपाली, महासमुंद और पिथौरा डिवीजन में तीन नए उपकेंद्र खोले जाएंगे। यानी इन तीनों डिवीजन में 9 नए उपकेंद्र खुल जाएंगे। आने वाले डेढ़ सालों में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बार बिजली गुल व लो-वोल्टेज की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी।

- जिले के 521 ग्राम पंचायतों के 1121 गांव के लोगों को अगले डेढ़ साल बाद लो-वोल्टेज की समस्या मिलेगी राहत, 2026 तक काम पूरा होने की संभावना

## जिले के 1121 गांवों में खींचा जा रहा 800 किमी केबल वायर



### दोनों फेज में 290 करोड़ होंगे खर्च

लाइन लॉस रोकने आरडीएसएस योजना के तहत 290 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। पहले फेज में 150 करोड़ रुपए खर्च होगा। इसमें ग्रामीण। क्षेत्रों में पहुंची 11 केवी पुराने तार को बदलकर नए केवल वायर लगाए जाएंगे। कनेक्शनों की दूरी कम की जाएगी। छोटे-छोटे ट्रांसफॉर्मर, नई बस्तियों में बिजली का कनेक्शन व सिंचाई फीडर के लिए अलग कनेक्शन दिया जाएगा। दूसरे फेस में 140 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस फेस में ट्रांसफॉर्मर की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। इससे ग्रामीण इलाकों में लो-वोल्टेज की समस्या दूर होगी।

## विडंबना: महाविद्यालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर का अभाव

# नए स्वीकृत किए गए कॉलेजों के पास खुद का भवन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बीते तीन से चार वर्षो के दौरान जिले में करीब एक दर्जन नए कॉलेजों की स्वीकृति मिली है और पढ़ाई भी शुरू हो चुकी है। लेकिन, अब तक एक भी कॉलेज को खुद का भवन नसीब नहीं हो पाया है। जबकि, इन सभी कॉलेजों के लिए भवन निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। लेकिन, इनमें से कई भवन निर्माण के लिए नींव भी नहीं डाला जा सका है। इनमें से अधिकतर कॉलेज स्कूलों में संचालित किए जा रहे हैं। नतीजा सत्र बढ़ने के साथ ही कॉलेज संचालन में समस्या आ जा रही है।



बता दें कि स्वीकृत किए नए कॉलेजों के पास खुद के भवनों में संचालित कॉलेजों में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास नहीं हो पा रहा है। छात्रों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। प्रयोगशाला, लाइब्रेरी, खेल मैदान, ऑडिटोरियम आदि की कमी है। इसके अलावा पढ़ाई के लिए वातावरण भी तैयार नहीं हो पा रहा है। पूर्व में कहा गया था कि अंग्रेजी मीडियम कॉलेज में लैब, लाईब्रेरी की सुविधा मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। जानकारी के मुताबिक एक साल पूर्व जिला मुख्यालय में शुरू किए गए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम कॉलेज भवन के लिए 12 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिल चुकी है। साथ ही शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज के सामने हेलिपेड वाली भूमि का चिन्हांकन कर अंग्रेजी मीडियम कॉलेज में पहले सत्र की पढ़ाई समाप्त हो चुकी है और अब दूसरे सत्र की पढ़ाई के लिए प्रवेश भी शुरू हो जाएगा। लेकिन, भवन निर्माण के लिए अब तक नींव भी नहीं डाला जा सका है। वर्तमान में वल्लभाचार्य कॉलेज के वाणिज्य भवन में आत्मानंद कॉलेज का संचालन किया जा रहा है।

### मोटल में संचालित महाविद्यालय

कृषि महाविद्यालय कांपा के भी भवन निर्माण की नींव नहीं रखी जा सकी है। 2010 में कॉलेज खुला था। अब तक कॉलेज एनएच 53 के किनारे बनाए गए मोटल में ही संचालित हो रहा है। छात्रों का चार बैच की पढ़ाई पूरी हो चुकी है। छात्रों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। भवन के अभाव में उच्च शिक्षा का हाल बेहाल है।

### नए कॉलेज को भवन की दरकार

तीन साल पूर्व ग्राम तेंदुकोना में महाविद्यालय की स्वीकृति मिले हो चुकी है। लेकिन, जगह का चिन्हांकन करने के बावजूद भवन निर्माण शुरू नहीं हो सका है। इसी प्रकार कोमाखान में भी कॉलेज जर्जर हो चुके हाईस्कूल के भवन में संचालित किया जा रहा है। जबकि, चिरको कॉलेज के भवन निर्माण का कार्य अंतिम चरण पर है।

### भवन निर्माण शुरू नहीं

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम कॉलेज की प्राचार्य अनुसुइया अग्रवाल ने बताया कि भवन का निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है। लोक निर्माण विभाग को प्राक्कलन बनाकर भेजा गया था। मचेवा में ही कॉलेज के लिए भवन बनाया जाना है।

# वन विभाग ने घर और बाड़ी में दी दबिश, कीमती लकड़ी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना तहसील के ग्राम जेवरा में दो लोगों के घर एवं बाड़ी में तलाशी लेकर वन अमला ने करीब 19 हजार रुपए की लकड़ी जब्त की गई है। वन मंडलाधिकारी महासमुंद के निर्देशानुसार उप वन मण्डलाधिकारी सरायपाली अनिल कुमार भास्करन के मार्गदर्शन एवं परिक्षेत्र अधिकारी बसना सुखराम निराला के संचालन में संदिग्ध स्थान की तलाशी के लिए 11 जुलाई को वारंट जारी की गई। जिसके आधार पर सहायक परिक्षेत्र अधिकारी रामभाठा अक्षय नंद एवं सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बड़ेसाजापाली कांशीराम डड़सेना तथा वनरक्षकों ने आरोपी चंद्रकुमार पटेल पिता बंकर पटेल ग्राम जेवरा, ग्राम पंचायत गणेशपुर तहसील बसना के घर एवं बाड़ी में तलाशी लिया गया। तलाशी के दौरान बीजा 10 लट्ठा 1.272 घन मीटर, 2 नग बल्ली 0.064 घन मीटर कुल 1.336 घन मीटर को जब्त किया गया। जिसका अनुमानित मूल्य 17574 रुपए है। इसी प्रकार बसना क्षेत्र के ग्राम जेवरा निवासी मुरली पिता सखाराम बंजारो के घर में तलाशी लिया गया। तालाशी के दौरान साल चिरान 02 नग 0.032 घन मीटर को जब्त किया गया, जिसका अनुमानित मूल्य 2000 रुपए है। इस कार्रवाई में बसना परिक्षेत्र के भरतलाल साहू वनपाल, टिकेश्वर साव वनरक्षक, जगबाई रत्नाकर वनरक्षक, ठाकुरराम पटेल वनरक्षक, हेमसागर रत्नाकर वनरक्षक, महेश कुमार ध्रुव वनरक्षक, देवानंद सोनी वनरक्षक एवं वन प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा वन सुरक्षा श्रमिकों का विशेष सहयोग रहा।



### आइसक्रीम पार्लर में चोरी, युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** पुलिस ने आइसक्रीम पार्लर में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थी मो. असपाक चौहान पिता मो. सलीम चौहान उम्र 33 साल निवासी वार्ड नं 15 याकुब रजवानी मार्ग महासमुंद ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह स्वामी चौक महासमुंद स्थित जम जम आइसक्रीम पार्लर को रोज की भांति शटर गिराकर ताला बंद कर घर चला गया था। अगले दिन 12 जुलाई को देखा तो दुकान का ताला टूटा हुआ था और गल्ले से करीबन 4000 रुपए को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया था। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सब्जी मार्केट महासमुंद में संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। जिससें पूछताछ करने पर अपना नाम शिवशंकर गौड़ पिता विरैरया गौड़ (30 वर्ष) ग्राम बंडेपालम थाना केथेपल्ली जिला नालगोंड़ा तेलगांना का होना तथा महासमुंद मजदूरी करने हेतु आना बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना अपराध स्वीकार कर आइक्रीम पार्लर दुकान में चोरी करना बताया। आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 2000 रुपए को जब्त किया गया। थाना महासमुंद को आरोपी विरूद्ध अपराध धारा के तहत कार्रवाई की गई।

# तस्करी करते 4.50 लाख का गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने बड़ी मात्रा में गांजा जब्त किया है। कोमाखान और सायबर सेल ने कार्रवाई करते हुए ओडिशा से मध्य प्रदेश तस्करी कर रहे एक व्यक्ति के कब्जे से 4.50 लाख रुपए का गांजा जब्त किया है।

आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को नशीली पदार्थ,अवैध शराब तथा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले लोगो के खिलाफ कार्रवाई तथा सघन चेकिंग अभियान करने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम संदिग्ध वाहन शाईन मोटर सायकल क्रमांक एमपी 41 जेडई 8624 को ग्राम सुवरमाल के पास रोका गया है। बाइक मे दो प्लास्टिक नीले रंग का ड्रम रखा हुआ था। ड्रम को उतरवा कर चेक किया तो उसमें मादक पदार्थ गांजा मिला। आरोपी वाहन चालक मुकेश बंजारा पिता उमराव बंजारा (39 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 08 वननगर वीरपुर थाना सिहोर जिला सिहोर म.प्र. से पूछताछ करने पर ग्राम बालुगुडा ओडिशा से अवैध मादक पदार्थ गांजा से खरीदकर मध्य प्रदेश बिक्री करने हेतु ले जाना बताया। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 30 किलो 240 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 4,50,000 रुपए, एक मोटर सायकल कीमत 80,000 रुपए एक नग मोबाईल फोन कीमती 1500 रुपए, नगदी 700 रुपए कुल 5,32,200 रुपए को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना कोमाखान में 20बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



# ऑनलाइन ठगी का शिकार हुई महिला, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा में एक महिला के क्रेडिट कार्ड से 4.41 लाख रुपए से ज्यादा की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। मामले को लेकर बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट के बाद मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

बागबाहरा पुलिस ने बताया कि वार्ड क्र. 07 लालपुर रोड, बागबाहरा निवासी व एमबीए शिक्षित अवनी गंडेचा पति मितेश गंडेचा के क्रेडिट कार्ड से 4,41,743 रुपए की ठगी अज्ञात आरोपी ने कर ली।

पुलिस ने आगे बताया कि महिला 12 जुलाई की रात्रि 10 बजे घर पर थी, उसी समय उसके मोबाइल में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल में एसएमएस के माध्यम से लिंक भेजा, जिसे महिला ने टच कर दिया। जैसे ही महिला ने लिंक को टच किया उसके इंडसइंड बैंक के क्रेडिट कार्ड से कुल 4,41,743 रुपए अज्ञात आरोपी द्वारा निकाल लिए गए। पुलिस ने बताया कि महिला के क्रेडिट कार्ड की लिमिट 4.15 लाख की थी, जिसे अज्ञात आरोपी द्वारा बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया गया है। इसे लेकर बैंक की तरफ से महिला को फोन में न कोई मैसेज न ही काल आया और न ही पिन वैरिफाई का मैसेज आया और क्रेडिट कार्ड से 4,41,743 रुपए की राशि आहरण कर दिया गया।

प्रार्थी महिला के अनुसार उसके खाते में ट्रांजेक्शन करने से पहले बैंक द्वारा हमेशा काल करके जानकारी प्राप्त किया जाता है, लेकिन इतनी बड़ी राशि का ट्रांजेक्शन करने के पूर्व बैंक द्वारा उससे कोई भी जानकारी साझा नहीं की गई।

इस मामले की शिकायत के बाद बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 319(2) ,318(4) बीएनएस, 66 डी आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर, एक घायल

**महासमुंद।** एनएच 353 में चंद्राकर राइस मिल के पास एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। घटना में कार चालक घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि ग्राम साराडीह निवासी चेतक चेलक पिता नाथूराम चेलक 13 जुलाई को अपनी कार क्रमांक सीजी 06 जी 7015 से शासकीय अस्पताल में आया की ड्यूटी करने वाली अपनी मां महेश्वरी चेलक को लेने जा रहा था। रात करीब 8.30 बजे एनएच 353 चंद्राकर राईस मिल के पास महासमुंद की ओर से आ रही ट्रक क्र. सीजी 04 पीबी 3541 के चालक ने अपने वाहन को काफी तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते लाकर कार को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे प्रार्थी कार सहित रोड के बांये ओर गिर गया। जिसे बेहोशी की हालत में लोगों ने कार से निकालकर शासकीय अस्पताल महासमुंद में इलाज के लिए भर्ती कराया।। पुलिस ने रिपोर्ट आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।




## लोवर जोंक परियोजना का काम सांकरा के ग्राम परसवानी से शुरू

# जोंक परियोजना: 16 साल में सिर्फ 70 फीसदी काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई लोवर जोंक परियोजना के तहत 16 वर्षों में सिर्फ 70 फीसदी ही काम हो पाया है। मुख्य नहर व नदी पर बैराज बनकर तैयार है। मानइर नहर कब बनेगी, पता नहीं। लोवर जोंक परियोजना का काम सांकरा के नजदीक ग्राम परसवानी से शुरू हुआ है। जोंक नदी पर बैराज का निर्माण भी हो गया है। आरबीसी का काम कुछ महीनों पहले ही पूरा हुआ है।



बैराज से नहरों के माध्यम से ग्राम छोटे टेमरी तक पानी पहुंचेगा। इससे करीब 30 गांव के किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा। फिलहाल, नहर निर्माण के लिए गड्ढे खोदे जा चुके हैं। बीच में कुछ लोगों की जमीन का मुआवजा प्रकरण अभी तक निराकरण नहीं हो पाया है। इस कारण नहर का पानी आगे नहीं बढ़ पा रहा है। कुल 15.36 किमी तक दांयी नहर (आरबीसी) बन गई है। इसके नहर बनाने की योजना है। एक मुआवजा प्रकरण का निपटारा होने के बाद नहर का निर्माण होगा। मुआवजा का प्रकरण अभी तहसील में अटका हुआ है।

### निर्माण किया जा रहा

जानकारी के मुताबिक लोवर जोंक परियोजना को 2008 में मंजूरी मिली थी। इस काम के लिए 140.68 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इसमें अब तक 110 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं। लोवर जोंक परियोजना का काम पूरा होने के बाद सांकरा व बसना के आस-पास के गांव के किसानों का इसका लाभ मिलेगा। जल संसाधन विभाग के ईई अजय कुमार खरे ने बताया मुख्य नहर और बैराज का निर्माण हो गया है। भू अर्जन प्रक्रिया के कारण एलबीसी निर्माण में देरी हुई है। दीपावली के बाद कार्य में तेजी आएगी।

**मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह आज : धमतरी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी (शहरी) द्वारा 15 जुलाई को 15 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी (शहरी) ने बताया कि वैवाहिक कार्यक्रम विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित नगरपालिक निगम धमतरी के सामुदायिक भवन में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा।

**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### छग विजन 2047 में विचार-विमर्श करेंगी हरिता



**सरायपाली।** राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा 16 जुलाई को मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन 2047-युवा, कृक्षक, महिला व प्रबुद्ध समूहों से प्रातः 9 से सायं 04 बजे तक सर्किट हाऊस सिविल लाइन रायपुर में किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के युवा, कृषक, महिला समूहों व प्रबुद्धजनों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। जिसके लिए सरायपाली से महिला समूह की अध्यक्ष हरिता पटेल का भी नाम आया है, जो अमृत काल छत्तीसगढ़ विजन2047 में प्रतिभागी बनी है, जो मुख्यमंत्री के समक्ष विचार विमर्श करेंगे। विचार-विमर्श के दौरान हरिता पटेल मुख्यमंत्री एवं मंत्री के समक्ष संघर्ष से स्वाभिमान तक महिला सशक्तिकरण की पहल पर बात करेंगे। अपनी आपबीती, जीवन के उतार चढ़ाव से सामना कर इस मुकाम तक कैसे पहुंची और आगे अपने छोटे समूह के माध्यम से प्रदेश में हजारों महिलाएं उनके साथ चलकर अपना जीवन संवार रही हैं।

### सोहन कनौजे का निधन



**महासमुंद।** ग्राम लभरा खुर्द निवासी सोहन लाल कनौजे (54) का 14 जुलाई को अस्वस्थता के चलते उपचार के दौरान रायपुर में निधन हो गया। अंतिम संस्कार 15 जुलाई को गृह ग्राम लभरा में सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे कनेकेरा के स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्वास्थ्य संयोजक खिलेश्वर उर्फ गोलू कनौजे के पिता व लखन लाल कनौजे, शिक्षक भरत लाल कनौजे, भुवन कनौजे के छोटे भाई थे।

### नेशनल लोक अदालत में पौने दो लाख मामलों का निपटारा

**रायपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार शनिवार को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब पौने दो लाख लोगों को त्वरित न्याय मिला।

### रोहित शर्मा और अल्लू अर्जुन को भेजा कानूनी नोटिस

**रायपुर।** कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने चैतन्य टेक्नो स्कूल के ब्रांड एम्बेसडर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और दक्षिण भारत फ़िल्म सितारे अल्लू अर्जुन को क़ानूनी नोटिस भेजा है। क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा, फिल्म सितारे अल्लू अर्जुन इस स्कूल के विज्ञापन में दिखाई देते हैं। राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में श्रीचैतन्य टेक्नो स्कूल के कई स्कूल खुल गये हैं, जो अपने को सीबीएसई माध्यम के स्कूल होना प्रचारित करते हैं, जबकि सीबीएसई की मान्यता नहीं है। श्रीचैतन्य टेक्नो स्कूल के राजधानी रायपुर की दो स्कूल को कुछ दिनों पहले सीजी बोर्ड के अंग्रेज़ी माध्यम की मान्यता मिली है।

### 5 बैगा आदिवासियों की मौत कांग्रेस ने बनाई जांच कमेटी

**रायपुर।** कवर्धा जिले में डायरिया से बैगा आदिवासियों की मौत के मामले की जांच के लिए कांग्रेस ने जांच कमेटी गठित की है। डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में 7 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी गांव का दौरा कर ग्रामीणों से बातचीत करेगी और अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। जांच कमेटी में विधायक इंद्रशाह मंडावी, जनक ध्रुव, पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरी राम, नेता महेश चंद्रवंशी, नीलकंठ चंद्रवंशी शामिल हैं।

# चक्रधारी कुम्हार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की सांसद रूपकुमारी से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



चक्रधारी कुम्हार समाज संघ के केंद्रीय अध्यक्ष बृजलाल राणा, प्रदेश प्रभारी रामेश्वर चक्रधारी, जिलाध्यक्ष मोरध्वज चक्रधारी एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम चक्रधारी के नेतृत्व में नवनिर्वाचित महासमुंद लोकसभा सांसद रुपकुमारी चौधरी से भेंट मुलाकात किया। जिले के चक्रधारी कुम्हार समाज के प्रतिनिधिमंडल सांसद रुपकुमारी चौधरी के निवास बसना में जाकर लोकसभा में जीत की बधाई दी। सांसद रुपकुमारी चौधरी ने जीत की शुभकामनाओं को सहर्ष स्वीकार करते हुए पूरे लोकसभा क्षेत्र में अपनी जीत में चक्रधारी कुम्हार समाज जैसे विशाल समाज के योगदान का बखान करते हुए समाज का आभार जताया।

चक्रधारी कुम्हार समाज संघ जिला इकाई महासमुंद द्वारा सांसद रुपकुमारी चौधरी को मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें बागबाहरा स्थित जमीन पर बच्चों की अध्ययन सुविधा के लिए छात्रावास की मांग की है। इस पर सांसद रुपकुमारी चौधरी ने सहमति प्रदान की और हरसंभव छात्रावास के लिए प्रयास करने की बात कहीं। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधिमंडल जिला पंचायत सदस्य वृंदावती सोमनाथ पांडे, केंद्रीय अध्यक्ष बृजलाल राणा, प्रदेश प्रभारी रामेश्वर चक्रधारी, जिला अध्यक्ष मोरतध्वज चक्रधारी, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष घनश्याम चक्रधारी, केंद्रीय सचिव जेठूराम चक्रधारी, केंद्रीय कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश चक्रधारी, केंद्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष परमेश्वरी चक्रधारी, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ खुशबू चक्रधारी, ब्लॉक अध्यक्ष दयाराम चक्रधारी, ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा कृष्णा राणा, लुभेश्वर पांडे, कार्तिक चक्रधारी, नेहरूलाल चक्रधारी, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पांडे, दरवनसिंह चक्रधारी, चितरंजन चक्रधारी, मोहिंदर पांडे, फुलझर अंचल के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार राणा, जग्गन्नाथ प्रसाद राणा, लक्ष्मीनारायण पांडे, हरालाल राणा, लंबोदर राणा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा एक संस्कारी पार्टी, देवतुल्य जनता ने विकास एवं सुरक्षा का किया चुनाव

### कृषि उपज मंडी परिसर में बसना में हुआ विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

केंद्र में फिर से सरकार बनने से भाजपाइयों ने मतदाताओं का सम्मान करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में 14 जुलाई रविवार को नगर स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में बसना विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम मां भारती, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय का तैल्यचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा को चुनना ऐतिहासिक बताते हुए भाजपा सरकार के सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताते जन-जन को लाभ पहुंचाने की बात कही। विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल ने मतदाताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि भाजपा एक संस्कारी पार्टी है, भाजपा में छोटे से छोटे और बड़े से बड़े कार्यकर्ताओं को एक समान सम्मान की नजर से देखा जाता है। भाजपा एक पार्टी ही नहीं एक परिवार भी है, जिसमें बड़ों के प्रति आदर तो वहीं छोटों के लिए स्नेह होता है। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी ने जिस प्रकार से विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा को चुन कर प्रदेश में विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए हैं। हमारे क्षेत्र के आप सभी देवतुल्य जनता ने विकास एवं सुरक्षा का चुनाव किया। क्षेत्र की जनता के कार्य को प्राथमिकता से पूरे किए जाएंगे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, विधानसभा संयोजक डॉ. एनके अग्रवाल, विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह छाबड़ा, जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने भी मतदाताओं को संबोधित किया। मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी ने किया।

इस अवसर पर प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला महंत लखन, जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, सभी मंडल अध्यक्षगण अनिल अग्रवाल, माधव साव, हरप्रसाद पटेल, कृष्णा कुमार साहू, महामंत्री अभिमन्यु जायसवाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष मथामणि बढ़ाई, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य वृंदावती पांडे, पूर्व जनपद अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा, पूर्व अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष अखिलेश भोई, रामचंद्र अग्रवाल, भाजपा मंडल महामंत्रीगण, भाजपा पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधिगण, नगर पंचायत पार्षदगण, पत्रकारगण सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मतदातागण शामिल हुए।

# ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को झांसा देकर रकम अपने खाते में ट्रांसफर कराई, आरोपी कार से फरार हुआ

**महासमुंद।** ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को नगद पैसे देने की बात कहकर खाते में रकम ट्रांसफर कराने के बाद एक व्यक्ति कार में बैठकर भाग निकला। मामले की रिपोर्ट पीड़ित ने सिंघोड़ा थाने में दर्ज कराई है।

धोखाधड़ी के इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट के बाद जांच विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बेलटिकरी निवासी हिराधर चौधरी पिता पुरंदर चौधरी (27 साल) सागरपाली चौक एनएच 53 रोड के किनारे किराए का मकान लेकर ग्राहक सेवा केंद्र संचालित करता है। 12 जुलाई को शाम करीब 7:30 बजे एक ग्राहक उसकी दुकान के अंदर आया और कहा कि मेरे पास नगद रकम है, और मुझे फोन पे के माध्यम से रुपए डलवाना है। पुलिस ने बताया कि इसके बाद उस व्यक्ति ने ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को अपना क्यूआर कोड दिया, जिसे मोबाईल से स्केन कर 2000 रुपए ट्रांसफर किया। जब दोबारा रकम ट्रांसफर नहीं हो पाया तब संचालक ने आरोपी के बैंक खाता नंबर में तीन बार क्रमशः 1000, 47000, 45000 रुपए कुल 93000 रुपए अपने छग राज्य ग्रामीण बैंक के खाते से ट्रांसफर किया। इस तरह कुल 95000 रुपए आरोपी के क्यूआर कोड और खाता नंबर के माध्यम से ट्रांसफर किए गए। पुलिस ने आगे बताया कि अज्ञात आरोपी ने ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से कहा कि मुझे और रकम डलवाना है, मेरे साथ आए कार में बैठे साथी से पूछकर आता हूं कहकर वह एक काले रंग की कार में साइड की सीट पर जाकर बैठ गया और वे दोनों वाहन से सरायपाली की ओर भाग निकले। सिंघोड़ा थाने में मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4), 3(5) भा. न्या. सं. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# वित्त आयोग के अध्यक्ष को चैंबर ने दिए औद्योगिक विकास के अहम सुझाव

### अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, औद्योगिक गलियारा, होलसेल कॉरिडोर और स्मार्ट टूरिज्म पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया को छत्तीसगढ़ के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास के लिए कई बिंदुओं पर अहम सुझाव दिये। इनमें औद्योगिक गलियारा, इंटरनेशनल एयरपोर्ट, होलसेल कारीडोर, स्मार्ट टूरिज्म संबंधी सुझाव शामिल है। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि 16वें वित्त आयोग की बैठक में व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र के समग्र विकास के लिए छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सुझाव को वित्त आयोग के अध्यक्ष ने गंभीरता से लिया। चैंबर के सुझाव पर कई अहम बिंदुओं पर वित्त आयोग के अध्यक्ष ने हामी भरते हुए चैंबर के पदाधिकारियों से इस संबंध में जानकारी ली और इन सुझावों को बेहतर बताया। श्री पारवानी ने बताया कि वित्त आयोग के अध्यक्ष को होलसेल कारीडोर से आर्थिक गलियारा के महत्व पर हमने विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही प्रदेश में सर्विस सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए निवेदन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास में सर्विस सेक्टर अभी भी 10 से 12 फीसदी का योगदान दे रहा है। इसमें इजाफा होने से आर्थिक प्रगति तेजी से आगे बढ़ सकती है। श्री पारवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश अपने खनिज सम्पदा, संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता तथा आर्थिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। प्रदेश में अनेक संभावनाएं हैं, जिन्हें सहायता प्रदान करने से प्रदेश के आर्थिक विकास को बल मिलेगा, साथ ही देश की आर्थिक प्रगति में वृद्धि होगी। 16वें वित्त आयोग की बैठक में व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए चैंबर ने इन बिंदुओं पर सुझाव दिये।

- छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा परियोजना में करें शामिल
- होलसेल कॉरिडोर
- स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट इंटरनेशनल एयरपोर्ट व कार्गो हब घोषित किया जाये
- स्मार्ट टूरिज्म का सुझाव

# प्लेटों के अधिक उत्पादन के लिए मापदंडों के सुधार पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में 'समाधान' के अंतर्गत आयोजित पहली परफमेंर्स इम्प्रूवमेंट वर्कशाप भिलाई प्रबंधन विकास केंद्र में आयोजित की गई। पीआईडब्ल्यू का विषय 'बिना विलंब शुल्क के प्रतिदिन 4000 टन से अधिक प्लेटों का प्रेषण प्राप्त करना' था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में, मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) आरके बिसारे उपस्थित थे।

बीएमडीसी में आयोजित इस कार्यशाला में प्लेट मिल, टीएंडडी, आरसीएल, मार्केटिंग, पीपीसी और डिस्पैच कोऑर्डिनेशन, एसआरएम भिलाई सहित विभिन्न विभागों और शप्स के कुल 36 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक (पीपीसी) तुषार कांत, मुख्य महाप्रबंधक (एमडब्ल्यूआरएम) एमके गोयल, महाप्रबंधक प्रभारी (टीएंडडी) गोपीनाथ मलिक और प्रभारी (एसआरएम–भिलाई) चंद्रेश कुमार ने कार्यशाला में प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यशाला में मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) आरके बिसारे ने, निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी संबंधित मापदंडों में सुधार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य महाप्रबंधक (पीपीसी) तुषार कांत ने डिस्पैच प्रक्रिया के दौरान शामिल सारे बिंदुओं और निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निर्बाध रूप से काम करने की आवश्यकता पर चर्चा की। मुख्य महाप्रबंधक (एमडब्ल्यूआरएम) एमके गोयल ने, सिस्टम में खामियों को दूर करने के लिए अपने अनुभव और विचार के साथ बहुमूल्य सुझाव भी साझा किये।

# बीएसपी ने अनफिट 61 क्वार्टरों से कब्जेदारों को बाहर निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी द्वारा क्वार्टरों में अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ बेदखली कार्रवाई लगातार जारी है। शनिवार को भिलाई इस्पात संयंत्र, नगर सेवाए,एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट द्वारा कोतवाली थाना भिलाई नगर पुलिस बल के सहायता से अवैध कब्जेधारियों के विरुध बेदखली कार्यवाही जारी रखा। यहां 61आवास से अवैध कब्जेधारी निकाले गए।

- अब तक 385 क्वार्टरों से अवैध कब्जेदार बेदखल किए

### अब तक 385 कब्जे खाली करवा चुके

बीएसपी की टीम ने अब तक 385 आवास खाली करवाया है। जिसमें 176 डिक्री आवास भी शामिल है। संपदा न्यायालय के आदेश पर शनिवार को छटवे दिन भी कोतवाली थाना भिलाई नगर पुलिस बल के सहायता से अवैध कब्जेधारियों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। सेक्टर 6 एरिया के अनफिट ब्लॉक्स में यह कार्रवाई चली। विद्युत विच्छेद कर दरवाजे खिड़की निकाला गया, टॉयलेट को तोड़ दिया गया तथा सिविल विभाग द्वारा पार्शियल डिमोलिशन कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है।

# बृजमोहन ने दानी स्कूल के सभागार निर्माण के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दानी स्कूल के कार्यक्रम में कहा, समग्र रूप से छात्राओं की शिक्षा न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को सुधारती है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसीलिए लड़कियों को शिक्षित करना हम सभी की अहम जिम्मेदारी है। श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर दानी स्कूल में सभागार निर्माण के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की।

शाला प्रवेश उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ बृजमोहन अग्रवाल ने स्कूल परिसर में अपनी माता की स्मृति में एक पेड़ मां के नाम लगाकर किया। श्री अग्रवाल ने कहा, जे आर दानी स्कूल पूरे छत्तीसगढ़ में लड़कियों का सबसे उत्कृष्ट स्कूल है और आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि आपको यहां पर पढ़ने का मौका मिल रहा है। यहां की पढ़ी हुई छात्राएं आज देश दुनिया में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रही हैं। यह स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि छात्रों के बहुमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए काम करता है, जिसके कारण यहां की छात्राएं खेलकूद, गीत-संगीत और दूसरे क्षेत्रों में भी अपना नाम रोशन करती आ रही हैं। श्री अग्रवाल ने कहा, छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ही उन्होंने सालों पहले मंत्री पद पर रहते हुए यहां पर छात्रावास का निर्माण कराया था। जिसका फायदा आज हजारों छात्रों को हो रहा है। उन्होंने कहा, छात्राओं में शिक्षा का महत्व अत्यधिक महत्वपूर्ण है और समाज के संपूर्ण विकास के लिए अनिवार्य है।

**छात्राओं का सम्मान :** श्री अग्रवाल ने 10वीं और 12वीं की मेघावी छात्रों के साथ ही शिक्षा, खेलकूद, संगीत, एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया तथा छात्राओं को गणवेश एवं पुस्तक और साइकिल भी वितरित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम सुभाष तिवारी ने की। पार्षद डॉ सीमा कंदोई, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल, प्रभारी प्राचार्य श्री हितेश दीवान, मनोज वर्मा, मृत्युंजय दुबे, सरिता वर्मा, सविता दुबे समेत शिक्षक, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### कांग्रेस बताए क्यों किया था रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार

# कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए श्रीराम के अस्तित्व को ही नकार दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल के साथ अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने को लेकर भी सियासत हो रही है। कांग्रेस ने इस मामले में आरोप लगाया है कि अब तक साय का मंत्रिमंडल चंदखुरी के मंदिर तक नहीं गया है। राजधानी रायपुर लौटने पर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस के उठाए सवाल का जवाब दिया और कहा, कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि कांग्रेस ने श्रीराम के अस्तित्व को ही नकार दिया था।

विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री कश्यप ने कहा, आज मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम सब मंत्रिमंडल के साथी भगवान श्रीराम के दर्शन करने गए थे। उन्होंने कहा, अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। हम प्रधानमंत्री को बधाई और धन्यवाद देते हैं। श्री कश्यप ने कहा, छत्तीगसढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। भगवान राम का वनवास का अधिकतम समय छत्तीसगढ़ के वनों में बीता है। हमारा प्रभु श्रीराम के साथ आत्मीय संबंध है। उनको भांजा के रूप में मानते हैं, पैर पखारते हैं। उन्होंने कहा, 500 साल तक पूर्वजों ने तपस्या, बलिदान और संघर्ष किया, लंबी लड़ाई लड़ी उसके बाद प्रभु श्रीराम का मंदिर बन पाया। छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए रामलला दर्शन योजना बनाई है।

आम जनता भी इसका ज्यादा ज्यादा लाभ लेगी। प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद और कृपा हम सब पर बनी रहे। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला द्वा उठाए गए सवाल, अयोध्या से पहले चंदखुरी जाकर माता कौशल्या के मंदिर दर्शन के जवाब में श्री कश्यप ने कहा, कांग्रेस को पहले देश से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि कांग्रेस ने श्रीराम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। यहीं नहीं, कांग्रेस ने अयोध्या के मंदिर के शुभारंभ कार्यक्रम का भी बहिष्कार किया था, इसका जवाब कांग्रेस को देना चाहिए।



### कांग्रेस से ओपी चौधरी के दो सवाल

प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, अयोध्या धाम को इतिहास के पन्नों से गायब करने का काम पूर्व की सरकारों ने किया था। आज वही सब गायब हो गए। विरासत को बचाने उसे लौटाने का काम भाजपा ने किया। हमारी सनातन संस्कृति और परंपरा को पुर्नजीवित करने का काम किया। पीएम नरेंद्र मोदी का हम सब आभार जताते हैं, उन्होंने भगवान श्रीराम मंदिर का भव्य मंदिर निर्माण कराने का काम किया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, हम सबने रामलला का आशीर्वाद लिया है। कांग्रेस के मित्रों से दो सवालों का जवाब चाहता हूं। पहला, कांग्रेस के लोगों ने प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को नकारने का काम किया, इस पर क्या कहेंगे। दूसरा, श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करके क्या मैसेज दिया। इन दो सवालों का जवाब कांग्रेस पहले दे, फिर सवाल करे।

## खबर संक्षेप



### खट्टी स्कूल परिसर में हुआ पौधरोपण

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। शाला परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। मोहम्मद सफी ने शाला के लिए अशोक, गुलमोहर, पाम के पौधे उपलब्ध कराए। उन्होंने पाम का पौधरोपण गया। इसी प्रकार संस्था के सभी शिक्षकों ने भी पौधे लगाए। इस अवसर पर संस्था प्रमुख भागवत जगत, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक लीना पांडेय, शिक्षक सिराज बक्श, शिक्षिका अंजुम शेख, अभिषेक सालोमान, भूपेंद्र चंद्राकर, उमा शंकर, सुनीता ध्रुव, देव कुमारी, संगीता धुरंधर सहित शिक्षक व संस्था के बच्चे उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शिक्षक सिराज बक्श ने दी है।

## शिक्षा: बसना क्षेत्र में दो पीएमश्री स्कूल चयन पर विधायक ने जताया हर्ष

# बसना व पिथौरा में पीएमश्री स्कूल मॉडल के रूप में होंगे विकसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने जारी किया नए पीएमश्री स्कूलों की सूची, इस बार 197 स्कूलों का भेजा गया था प्रस्ताव
- पहले चरण में 211 स्कूल पीएमश्री बने थे, महासमुंद जिले के बसना विधानसभा को मिला दो पीएमश्री स्कूल

प्राचार्य क्षीरोद्र कुमार पुरोहित एवं प्राचार्य एनके पांडा ने विधायक डॉ संपत अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर आत्मानंद स्कूल बसना का चयन पीएमश्री स्कूल में होने की जानकारी दी। उनके सक्रियता के लिए आभार प्रकट किया। उल्लेखनीय है कि इस सत्र में प्रदेश से 52 स्कूलों का चयन इस योजनांतर्गत हुआ है। ऑनलाईन चैलेंज में शामिल 311 स्कूलों में से तय 60 मानकों को पूर्ण करने वाले 52 स्कूलों का चयन केंद्र सरकार की ओर से किया गया है। इस सूची में बसना विधानसभा को ( पिथौरा एवं बसना) दो पीएमश्री स्कूल प्राप्त हुआ है। इन स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूर्ण रूप से लागू करते हुए मॉडल स्कूलों में विकसित किया जाएगा।



विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र में दो पीएमश्री स्कूल चयन होने पर हर्ष जताया एवं प्राचार्य तथा शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि बसना क्षेत्र में शिक्षा के प्रचार-प्रसार में इन स्कूलों की विशेष भूमिका होगी। समर्पण के साथ काम करने की अपील शिक्षकों से करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### क्या है पीएमश्री स्कूल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसे मंत्रिमंडल ने 7 सितंबर 2022 को प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) नामक एक नई केंद्र प्रायोजित योजना को अनुमोदित किया है। ये स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन को निरूपित करेंगे और समय के साथ उदाहरणपरक स्कूलों के रूप में उभरेंगे तथा पास पड़ोस के अन्य स्कूलों का मार्गदर्शन भी करेंगे। वे एक ऐसे समान, समावेशी और आनंदपूर्ण स्कूल परिवेश में उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने में अपने अपने क्षेत्रों की अगुवाई करेंगे, जो बच्चों की विविध पृष्ठभूमि, बहुभाषी आवश्यकताओं और विभिन्न शैक्षणिक क्षमताओं पर ध्यान देता है और उन्हें एनईपी 2020 के विजन के अनुसार अपनी स्वयं की अधिगम प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाता है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार, राज्य, संघ राज्य क्षेत्र सरकार व स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों में से मौजूदा स्कूलों को मजबूत कर 14500 से अधिक पीएमश्री स्कूलों की स्थापना का प्रावधान है।

### क्या सुविधाएं मिलेंगी

आदर्श स्कूल के रूप में विकसित इन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पीएमश्री योजना के अंतर्गत शालाओं को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। पीएमश्री योजना के तहत चयनित शालाओं का अकादमिक एवं अधोसंरचनात्मक सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इन शालाओं में वर्चुअल रियलिटी लैब, अटल टिकरिंग, एआई रोबोटिक्स, गेमीफाइड लर्निंग के माध्यम से शिक्षा की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा इन शालाओं में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, इंडोर एवं आऊटडोर स्पोर्ट्स एवं गेम्स की सुविधाओं के साथ-साथ समर कैंप, एडवेंचर स्पोर्ट, कैरियर गाइडेंस एवं काउंसिलिंग का लाभ मिलेगा।

# सेवानिवृत्ति पर सहायक शिक्षक को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

शासकीय प्राथमिक विद्यालय कोदोपाली संकुल केंद्र बाराडोली विकासखंड बसना से 30 जून 2024 को श्याम सुंदर पटेल सहायक शिक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए। संकुल बाराडोली के समस्त शिक्षक संवर्ग द्वारा उन्हें शाल, श्रीफल, पुष्पहार एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित कर 13 जुलाई 2024 को विदाई दी गई।

विदाई समारोह संकुल के सभाकक्ष में मुख्य अतिथि के रूप में श्याम सुंदर पटेल एवं अध्यक्षता संकुल के नोडल प्राचार्य जगदीश जगत, विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रधान पाठक राजेंद्र कुमार साहू, नरसिंह खूंटे, हरिचरण चौधरी विराजमान थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सेवानिवृत्त शिक्षक का जीवन परिचय एवं सम्मान पत्र पढ़ते हुए सफलतापूर्वक उद्घोषणा का दायित्व अनिल सिंह साव समन्वयक बाराडोली ने किया और सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिन्ह नोडल प्राचार्य जगदीश जगत ने भेंट किया। अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक श्याम सुंदर पटेल अपने ज्ञान व अनुभव से सदैव शिक्षा विभाग, समाज व छात्रों को लाभान्वित किया। कुशल व्यवहार के धनी शांत, सरल, सहज प्रवृत्ति से सभी शिक्षकों के दिल में जगह बना लिए हैं और आज हमारे बीच से विदाई लेना शिक्षा विभाग एवं हम सब के लिए बहुत ही क्षति है। हम सबको असहज महसूस हो रहा है। इनका पूरा शिक्षकीय जीवन का समय शानदार रहा। कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदारीपूर्वक शिक्षकीय कार्यकाल को निर्विवाद रूप से पूर्ण कर आज हम से विदा ले रहे हैं। कार्यक्रम में जानकी जीवन प्रधान, ललित कुमार मिश्रा, अरुण कुमार मिश्रा, रामजी साव, शुभाशीष कानूनगो, समीर साहू, सरस्वती मिश्रा, कामिनी साहू, दीपिका साव,



श्रीधर यादव, राजेंद्र जगत, नरेश प्रधान, मानस रंजन पुरोहित, राजेश साहू, नवल किशोर पटेल, दिनेश बहादुर पटेल, उमाशंकर चौधरी, ललित कुमार चौधरी, खीरसागर खूंटे, अक्रूर भोई, जगदीश भोई, रुपेश बिशी, प्रसन्न प्रधान, ठाकुर राम निषाद, गणेश राम बरिहा, भोजराज साहू, नेमेश्वर पटेल, लोकेश कुमार भोई आदि मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता ललित कुमार मिश्रा एवं संचालन समन्वयक अनिल सिंह साव ने किया।

# स्पोकन इंग्लिश ट्रेनिंग का प्रथम चरण हुआ

**महासमुंद।** विकासखंड महासमुंद में स्पोकन इंग्लिश ट्रेनिंग का प्रथम चरण हुआ। प्रशिक्षण के डीआरजी वोमन लाल ठाकुर, बेनेडिक्ट टिर्की, नेहा दुबे, सुशांत शेखर धराई ने बिना रुके लगातार अंग्रेजी में बोलना, मिश्रित प्राणी या शब्द बनाकर प्रस्तुत करना, कविता गीत के माध्यम से क्रिया की जानकारी देना, किसी भी विषय को लेकर लगातार अंग्रेजी में बोलना, किसी पात्र का पद लेकर निर्णय लेने के लिए अंग्रेजी में वार्तालाप करना, छोटे-छोटे विषय आधारित फिल्म को देखकर अंग्रेजी में समालोचन करना, अपने जीवन के किसी फोटोग्राफ पर तुरंत अंग्रेजी में बोलना, वाद विवाद, चित्र देखकर अंतर खोज कर अंग्रेजी में व्यक्त करना। अंग्रेजी में गीत गाना, अंग्रेजी के अधुरे कहानी को पूरा करना, व्यंजन बनाने की विधि को अंग्रेजी में व्यक्त करना। समूह में अंग्रेजी में गतिविधियां करना के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। समापन अवसर पर डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर, एपीसी डीएन जांगड़े, संपा बोस, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में सिखाए गए हर बिंदु को गतिविधि को स्कूल में लागू किया जाए, त्रिभाषा फार्मूला को स्कूल में अमल किया जाए तभी सार्थकता होगी।



# साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के संगठन मंत्री बने नवीन

## नवीन साहू के संगठन मंत्री मनोनीत होने पर समाज के वरिष्ठजनों ने जताया हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति का विस्तार करते हुए समिति के कार्ययोजनाओं को सफल बनाने के लिए के वरिष्ठजनों एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू की अनुशंसा पर समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बसना के युवा नेता नवीन कुमार साव को संगठन मंत्री मनोनित किया है। नवीन साहू के संगठन मंत्री मनोनीत होने पर समाज के वरिष्ठजनों ने हर्ष जताया है। जिनमें पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, सांसद रूप कुमारी चौधरी, राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के महामंत्री दयाराम साहू, हलधर साहू, उपाध्यक्ष मालक राम साहू, जिला



साहू संघ महासमुंद के अध्यक्ष धरमदास साहू, धमतरी के अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष देवनाथ साहू, समिति के संरक्षकगण डा रामकुमार साहू, रूपेंद्र साहू, पंडित घनश्याम साहू, बोधन साहू, गौकरण साहू, रतिराम साहू, मेघनाथ साहू, प्रेमलाल साहू, कार्यकारी अध्यक्ष दुलीकेशन साहू, नोहर दास साहू, ईश्वरी साहू, तहसील साहू संघ बसना के अध्यक्ष पंकज साव, समिति के महामंत्री चमन लाल साहू, रामकुमार साहू, राजू साहू, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजू साहू, माधव साव,जन्मजय साव, रोशन साव, विवेक साव, कन्हैया साव, शिवकिशोर साहू, प्रेमचंद साव, कृष्णा साहू, हीरा राम साव, केशव प्रसाद साव, रूपानंद साव, विष्णुदत्त साव, चंद्रमणी साव, अजीत साव, महेंद्र साव, कुंजराम साव, मीरा साव, कमलेश साव, भोजकुमार साव आदि शामिल है।

# संकुल स्तरीय खेलकूद से मिली खेलने की प्रेरणा: तबस्सुम



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खिलाड़ी के रूप में कभी पहचान बनेगी ऐसा सपने में भी नही सोचा था। बस एक अवसर मिला और उस अवसर का मैंने लाभ उठाया। मुझे नहीं पता था कि मेरी पहली ही कोशिश मुझे राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाएगी। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में शिक्षक के रूप में कार्यरत झलप निवासी तबस्सुम वर्तमान में मिनी गोल्फ मिक्स डबल की राष्ट्रीय चैंपियन है।

नागपुर में आयोजित 9वीं मिनी गोल्फ राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में तबस्सुम ने मिक्स डबल इवेंट में राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब हासिल कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। राष्ट्रीय चैंपियन तबस्सुम का मानना है कि सुविधाओं का अभाव हमारे अभ्यास में कतई बाधक नहीं है। अगर हम सच्ची लगन, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें तो सफलता अवश्यंभावी है। केवल इन्हीं गुणों को हम अपने अंदर समाहित कर ले तो हमें सफल होने से कोई रोक नहीं सकता।

राष्ट्रीय चैंपियन तबस्सुम ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय खेल है। स्पर्धा के दरमियान बनाए गए 18 कोर्ट्स के माध्यम से खेला जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमूमन एक कोर्ट का आकार 12 से 18 मीटर का होता है। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रायः 9 से 10 मीटर का बनाया जाता है। प्रत्येक खिलाड़ी को कोर्ट में बने होल में बॉल इंसर्ट करने के लिए 6 अटेम्प्ट दिया जाता है, जो खिलाड़ी कम स्कोर करता है वो इसमें चैंपियन बनता है।

### नहीं लिया कोई खेल प्रशिक्षण

मैंने कहीं से कोई इस खेल का प्रशिक्षण नहीं लिया है। मेरा इस खेल में आना महज एक इत्तेफाक है। फरवरी माह में हमारे संकुल केंद्र गड़बेड़ा में एक संकुल स्तरीय खेलकूद का आयोजन रखा गया था। जहां पर मैं भी स्कूली बच्चों को लेकर गई थी। बच्चों को खेलते देख मेरे अंदर भी खेल भावना जाग उठी। उस आयोजन में विद्यालय के प्रधान पाठक हेमंत खुटे जो कि मिनी गोल्फ के राष्ट्रीय खिलाड़ी तथा मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रभारी है वो भी मौजूद थे। उन्होंने सार्वजनिक रूप से रायपुर में आयोजित होने वाली राज्य चयन स्पर्धा के बारे में जानकारी संकुल स्तरीय खेल स्पर्धा के दरमियान दी थी। वो चाह रहे थे कि सीनियर कैटेगरी में चूंकि महिला खिलाड़ियों की छत्तीसगढ़ में संख्या कम है, इसलिए हमारे संकुल से कोई न कोई महिला राज्य चयन स्पर्धा में महासमुंद जिला से प्रतिनिधित्व करें। जब किसी ने भी इस खेल के प्रति रुचि नहीं दिखाई, तब हेमंत ने मुझे उक्त स्पर्धा में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। निरंतर अपना अभ्यास जारी रखा।

### प्रदेश के कई खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप में प्रतिनिधित्व

प्रदेश के राज्य सचिव भूपेंद्र प्रसाद, अध्यक्ष अजय सिंह राणा, मीडिया प्रभारी हेमंत खुटे प्रदेश में इस खेल को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। कई जिलों में संघ की इकाइयां गठित हो गई है। आज राष्ट्रीय स्तर पर हमारे प्रदेश की जो टीम जाती है उसमें लगभग 70 खिलाड़ी शिरकत करते हैं। ये मिनी गोल्फ के लिए एक अच्छा संकेत है। प्रदेश के कई खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप में देश का प्रतिनिधत्व करने का गौरव मिला है। संघ के राज्य सचिव जो कि खुद महासमुंद जिले के है वे भारतीय टीम के कैप्टन रहे हैं। मैं हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों के प्रदर्शन से पूरी तरह से संतुष्ट हूं। गत वर्ष गोवा में आयोजित नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ की टीम को डबल इवेंट में गोल्ड मेडल मिला था। जिसमें एक खिलाड़ी नील सागर पटेल हमारे महासमुंद जिला के हैं। चूंकि यह एक अंतरराष्ट्रीय खेल है। यूनिवर्सिटी में भी इसे शामिल किया गया है। प्रदेश में भी सिस्टमेटिक ढंग से इसकी प्रतियोगिता होने लगी है। कुल मिलाकर इस खेल व खिलाड़ियों का भविष्य काफी उज्ज्वल है।

# प्रभारी महामंत्री सुनील व कोषाध्यक्ष के रूप में निर्मल को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी में नई नियुक्ति का ऐलान जिलाध्यक्ष डा रश्मि चंद्राकर ने किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट सुनील शर्मा को जिला प्रभारी महामंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं युवा नेता निर्मल जैन को जिला कांग्रेस कमेटी का कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उक्त नियुक्ति पर डा रश्मि चंद्राकर ने कहा कि दोनों ही नेता काफी सक्रिय है, जिसका लाभ जिला कांग्रेस कमेटी को मिलेगा।

नियुक्ति पश्चात 13 जुलाई को कांग्रेस भवन महासमुंद पहुंचकर नवनियुक्त पदाधिकारी सुनील शर्मा व निर्मल जैन ने जिलाध्यक्ष डा रश्मि चंद्राकर को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए आभार जताया तथा पूरी निष्ठा से अपने दायित्व के निर्वहन की बात कही। कांग्रेस भवन में उपस्थित शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, शहर प्रभारी महामंत्री गुरमीत चावला, पूर्व शहर अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो सहित उपस्थित सभी नेताओं व पदाधिकारियों ने भी नवनियुक्त प्रभारी महामंत्री सुनील शर्मा व कोषाध्यक्ष निर्मल जैन का फूल-माला से स्वागत कर नियुक्ति पर खुशी जाहिर की। इस दौरान जिलाध्यक्ष डा रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, शहर प्रभारी महामंत्री गुरमीत चावला, पूर्व शहर अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो, किसान नेता छन्नू साहू, पूर्व पार्षद तुलसी साहू, पूर्व पार्षद राजू साहू, कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सचिन गायकवाड़, कांग्रेस आईटी सेल के जिलाध्यक्ष नितेंद्र बेनर्जी, आरिफ बेग, ममता चंद्राकर, सन्नी महानंद, एडवोकेट राजेश बांसवार, कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शिव भारद्वाज, प्रशांत जोल्हे, तुलसी दास समेत अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।



# शिक्षक एलबी संवर्ग को नियुक्ति तिथि से पूर्ण पेंशन दिलाने की मांग

## प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ ने की महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय सचिव नवीन चंद्राकर और संभाग अध्यक्ष अनिल ढीढी के नेतृत्व में महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा से उनके कार्यालय में मुलाकात 1998-99 से पुरानी पेंशन का आदेश प्रसारित कराने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के रायपुर संभाग अध्यक्ष अनिल ढीढी ने उन्हें अवगत कराया कि छग सरकार 2022 में छग के समस्त शासकीय कर्मचारी जिनकी नियुक्ति 2004 के बाद हुई है उनके लिए पुरानी पेंशन की घोषणा की है। लेकिन, छग में एक ऐसा शिक्षक संवर्ग जो शासकीय शालाओं में 1998 से सेवा दे रहे हैं। जिसे पंचायत भर्ती समझकर 20 वर्ष की सेवा को शून्य कर पुरानी पेंशन से दूर किया जा रहा है। जबकि कार्यभारित, दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन कर्मचारियों को उनकी पिछली सेवा को भी गणना कर पेंशन दिया जा रहा है। 1998-99 से कार्यरत ऐसे कई शिक्षक सेवानिवृत्त हो चुके हैं और बहुत से शिक्षक सेवानिवृत्ति के कगार पर हैं। 1998-99 में भर्ती किसी भी शिक्षक का सेवा, पूर्ण पेंशन के दायरे में नहीं हैं। क्योंकि, शासन संविलियन तिथि 2018 को नियुक्ति तिथि मानकर पेंशन देना चाहती है। जितने भी 1998-99 से लेकर 2018 तक जितने भी शिक्षक भर्ती हुआ है, सभी की सेवा को शून्य घोषित किया गया है। जबकि, 1998-99 के शिक्षक एलबी संवर्ग की भर्ती सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, व्याख्याता के नियमित पदों पर रिक्त पदों पर एक निश्चित वेतनमान पर की गई थी, जिनका नियमानुसार 2001 में नियमितीकरण किया गया।

प्रांतीय सचिव नवीन चंद्राकर ने भी अवगत कराया कि 1998-99 से लेकर आज पर्यंत तक एक ही सर्विस बुक में साधारण किया जा रहा है। और प्रत्येक वर्ष वेतन वृद्धि भी दिया जा रहा है। 2018 में विभाग में शासकीयकरण भी किया जा चुका है। इसी आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के तहत हमें नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि जोड़कर जीपीएफ कटौती करते हुए शासकीय सकल लाभ दिया जाना चाहिए। लेकिन, हमें उक्त लाभ से वंचित किया जा रहा है। जिससे अधिक नुकसान 1998 के एलबी संवर्ग को हो रहा है। भारत सरकार के पेंशन सिविल सेवा नियम 1972 के तहत भी 2004 के पूर्व भर्ती सभी कर्मचारियों के लिए भी जिनका शासकीयकरण 2004 के बाद कभी भी हुआ हो उनको उनकी नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि को जोड़कर शासकीय समस्त लाभ दिया जा रहा है।



आगे जानकारी देते हुए बताया कि 1998-99 से लेकर आज पर्यंत तक पंचायत शिक्षक समझकर शासकीय मानती रही और न कभी हमें 35 किलो चावल मिला ना आवास मिला ना सरकार का कोई योजना का लाभ मिला। जबकि हमें 500 रुपए मानदेय में उपेक्षित, अपमानित, संघर्ष पूर्ण और अभाव में जीवन जीकर कर दूर दराज गांवों मे सेवाएं देते रहे। जब हमें सरकारी लाभ देने का था तब हमें शासकीय कर्मचारी के श्रेणी में गिनती कर सरकारी योजना से दूर किया गया। आज जब पेंशन देने की बात आई तो हमारी 20 वर्ष की सेवा को अशासकीय माना जा रहा है। हमारे साथ कहां का न्याय है। हमारे साथ कितना अन्याय है। हमारा स्कूल एक है सेवा पुस्तिका एक है वेतन मान पर सरकार का काम किया है। जबकि केंद्र सरकार भी 2004 के पूर्व भर्ती समस्त कर्मचारी जिनका शासकीकरण 2004 के बाद हुआ है, ऐसे समस्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने का आदेश समस्त राज्य शासन ने दिया है और 1952-53 में भी पंचायतों के स्कूलो में भर्ती पंचायत शिक्षा कर्मी को भी 1962-63 में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन 1976 के तहत शासकीयकरण कर उनकी प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि गणना कर समस्त लाभ दिया गया है। जबकि, 1998-99 एलबी संवर्ग शिक्षक शासकीय स्कूलों में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। छग सरकार अभी तक हमारे साथ न्याय नहीं कर पाई है।

विधायक ने सारे तथ्य दस्तावेज के आधार पर आश्वासन दिया कि आप लोगों के साथ अन्याय नहीं होगा। विधायक ने विषय को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री, पार्टी संगठन प्रमुख और आवश्यक होने पर केंद्रीय नेतृत्व से मुलाक़ात कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ से श्रवण सिन्हा, भूवन कन्नौजे, श्याम लाल मन्नाड़े, चेतन गायकवाड़, रमाशंकर शर्मा, दिनेश निर्मलकर, कन्हैयालाल साहू आदि मौजूद रहे।

# कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम के तहत हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यूके बरिहा के निर्देशन में पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों के प्रजातियों का रोपण किया जा रहा है। भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में फलदार, छायादार, औषधियुक्त एवं सजावटी पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण पर्यावरण को संरक्षित एवं बेहतर बनाने का माध्यम है। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए अनिवार्य रूप से पौधरोपण किया जाना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति पौधरोपण के महत्व को समझे और पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में अपना योगदान दें। इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए जन जागरुकता अभियान चलाई जाने की आवश्यकता है और अधिक से अधिक लोगों को इस दिशा में शामिल करने के लिए प्रेरित किया जा सके। महाविद्यालय में हरियाली पखवाड़ा का आयोजन 1 जुलाई से 15 जुलाई के बीच किया जा रहा है।



इसी उद्देश्य को लेकर महाविद्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक नाम नाम से पौधरोपण किया तथा पौधे को संरक्षित एवं सुरक्षा करने का संकल्प संकल्प लिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र संघ प्रभारी डॉ. संध्या भोई, मेघनाथ सिदार, डीके मांझी, अशोक कुमार दास, दुर्गा यादव, छकित सिदार, सुभाष बंछोर और महेंद्र दीप आदि ने अपनी सहभागिता प्रदान किए।